राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

प.14(105)(1)RSSB/अर्थना / सा.प्रा.वि. / हाउ.की. / पात्रता जांच / भर्ती / 2022 / 838 दिनांकः– 14.09.2022

–::कार्यालय आदेश::–

हाउस कीपर सीधी भर्ती–2022

बोर्ड द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के लिये हाउस कीपर (House Keeper) सीधी भर्ती–2022 के 33 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 29 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 04) पदों पर दिनांक 09.07.2022 को परीक्षा आयोजित करवाई गई थी। बोर्ड द्वारा दिनांक 26.08.2022 को हाउस कीपर सीधी भर्ती–2022 का परीक्षा परिणाम जारी कर 2 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज का सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उक्त सूचीबद्ध अभ्यर्थियों का पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन **दिनांक 21.09.2022 से दिनांक 22.09.2022 तक प्रातः 10 बजे से सर्किट हाउस, खासा कोठी पुलिया के पास, एम.आई. रोड़, जयपुर** पर किया जाना है। इस हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों का विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाईन **दिनांक 17.09.2022** से भरा जावेगा तथा दस्तावेज सत्यापन की फीस भी ऑनलाईन जमा की जानी है। उक्त विस्तृत आवेदन को भरने के लिए अभ्यर्थी को अपनी SSO ID पर जाकर RECRUITMENT PORTAL पर जाकर MY RECRUITMENT उसके बाद DETAILED FORM CUM SCRUTINY पर जाकर House keeper के लिंक के सामने Apply Now पर जाकर विस्तृत आवेदन भर फीस जमा करावे। अभ्यर्थी उक्त ऑनलाईन विस्तृत आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर इसकी दो प्रति एवं जमा फीस की प्रति प्रिन्ट कर दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने साथ लावें। ऑफलाईन विस्तृत आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए विस्तृत कार्यक्रम बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(सुनील पूनियां)
सचिव